बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800 001

(पंजीयन सं०–633/2003)

Website: basabihar.in , E-mail Id : infobasa1@gmail.com

अध्यक्ष,
* सुरेश कुमार शर्मा
मो० 9470003023 /9431479774

महासचिव,
* सुशील कुमार
मो० 9431091417

उपाधयक्ष : –
संयुक्त सचिवः –
कोषाधयक्षः –
संयुक्त कोषाधयक्षः –

* सआदत हसन मिन्टू
* राजेन्द्र राम
* राजयनन्द वार्डियार
* अनिल कुमार
* चन्द्र शेखर सिंह
* विनोद आनन्द

पत्रांक : 57

दिनांक 19/6/2015

दिनांक 14.06.2015 को आयोजित केन्द्रीय कार्यकारिणी के बैठक की कार्यवाही।

सामान्य प्रशासन विभाग के पत्रांक–12118 दिनांक 12.08.2014 द्वारा प्रोन्नति समिति की बैठक की कार्रवाई अगले आदेश तक रोक लगा देने के आदेश पर रोष व्यक्त किया गया जबकि माननीय उच्च न्यायालय आदेश दिनांक 05.08.2014 द्वारा प्रोन्नति पर कोई रोक नहीं लगायी गई है। प्रोन्नति समिति की बैठक पर रोक के विरोध में 17 विभिन्न सेवा संवर्ग समिति की बैठक में हुए निर्णण के आलोक में दिनांक 29.05.2015 को काला बिल्ला लगाकर सरकारी कार्य निष्पादित किया गया एवं दिनांक 07.06.2015 को एक दिवसीय धरना/उपवास का सफल कार्यक्रम किया गया जिसके लिए सदस्यों को धन्यवाद ज्ञाप्ति किया गया। प्रोन्नति समिति पर रोक के विरोध में जिलों से आये प्रतिनिधियों द्वारा अपना–अपना मत दिया गया। यह राय उभर कर आयी कि हड़ताल में जाने से पूर्व Work toRule, रैली जैसे कार्यक्रम भी किये जाए। सदस्यों को बताया गया कि दिनांक 21.06.2015 को विभिन्न सेवा संवर्ग समिति की बैठक में इन बिन्दु पर विचार किया जाएगा तथा सर्वसम्मति से जो निर्णय होगा जिला इकाई को अवगत कराया जाएगा जिसके अनुसार कार्यक्रम को सफल बनाने का अनुरोध सभी सदस्यों से किया गया।

(2) संघ भवन निर्माण हेतु सदस्यों से प्रति सदस्य 11000 रू0 सहयोग राशि देने का अनुरोध किया गया।

(3) सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा निर्गत पत्र 8322 दिनांक 10.06.2015 की जानकारी सदस्यों को दी गयी जिसमें सभी विभाग, सभी विभागाध्यक्ष, सभी प्रमण्डलीय आयुक्त, सभी जिला पदाधिकारी को बताया गया है कि ''संज्ञान में ऐसी बातें आ रही है कि विभिन्न कार्यालयों में पदस्थापित उच्च पदाधिकारियों द्वारा अपने अधीनस्थ कर्मियों के साथ अमर्यादित व्यवहार करने, उनके प्रति प्रतिदिन असंसदीय भाषा का प्रयोग करने, उन्हें अकारण मानसिक रूप से प्रताड़ित करने, बात–बात पर अनावश्यक एवं अकारण निलम्बन एवं विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ करने जैसी कार्रवाईयों की जा रही है। इससे अधीनस्थ पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के मनोबल एवं उनकी कार्य क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ना स्वाभाविक तो है ही साथ ही इसे राज्य के स्वस्थ लोक प्रशान के अनुकूल भी नहीं माना जा सकता है।

अतः अनुरोध है कि अपने समस्त अधीनस्थ पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति सभ्य आचरण एवं मर्यादित व्यवहार किया जाना सुनिश्चित करते हुए अपने अधीनस्थों को भी ऐसा ही व्यवहार करने के लिए प्रेरित किया जाए ताकि प्रशासन में सद्भाव कायम रहे और बेहतर कार्य माहौल का निर्माण संभव हो सके।''

उपरोक्त पत्र को प्रचारित करने एवं अनुपालन हेतु सभी सम्बन्धित से अनुरोध करने का निर्णय लिया गया तथा सामान्य प्रशासन को इस निदेश को निर्गत करने के लिए प्रशंसा की गई।

अन्त में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

(सुशील कुमार)
महासचिव

(सुरेश कुमार शर्मा)
अध्यक्ष